

Dr. Manoj Jain
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS

काव्य क्लासेज
कर्मण्येव जयते

पुलिस
PATWAR
HIGH COURT
रेलवे
JE, Group-D, TC, RPF
BANK
SSC
CGL, 10+2, CPO-SI, MTS
शिक्षक
1st ग्रेड
REET
I, II Level

# CURRENT G.K.

## MCQ QUESTIONS

## 17 September 2022



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

# काव्य क्लासेज®

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा ( राज. )

पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)
Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 17 सितंबर का इतिहास

- **1956 :** भारतीय तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग का गठन हुआ।
- **1949 :** दक्षिण भारतीय राजनीतिक दल द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) की स्थापना हुई।
- **1950 :** भारतीय राजनेता और वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म हुआ।
- **1948 :** हैदराबाद रियासत का भारत में विलय हुआ।

## 17 सितंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- वंदे भारत 2 हाई-स्पीड ट्रेन का नया संस्करण लॉन्च करेगा। भारतीय रेलवे अपने सेमी स्पीड ट्रेन वंदे भारत को हाई स्पीड ट्रेन में बदलने की योजना बना रहा है। रेल मंत्रालय ने अपने एक बयान में बताया कि वंदे भारत 2 बेहतर सुविधाओं से लैस होगी। इसके अलावा वंदे भारत 2 ट्रेनों की गति भी पहले से ज्यादा होगी। यह ट्रेनें 52 सेकंड में जीरो से 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ सकती हैं जबकि पुरानी ट्रेनों को गति पकड़ने में 54.6 सेकंड का समय लगता था। वंदे भारत 2 ट्रेनें 80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ेंगी।
- विश्व बैंक द्वारा प्रस्तावित वित्तीय मध्यस्थ कोष को औपचारिक रूप से लॉन्च किया गया। महामारी की रोकथाम, तैयारियों और प्रतिक्रिया के लिए विश्व बैंक द्वारा नवंबर 2022 से निवेश प्रस्तावों को आमंत्रित किया जाएगा। इस कोष का मकसद कोविड-19 जैसी महामारियों को रोकने, नियंत्रित करने आदि हेतु निम्न व मध्यम आय वाले देशों में आर्थिक रूप से प्रयासों को बढ़ावा देना है। साथ ही यह राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर निवेश व तकनीकी सहायता के जरिये महत्वपूर्ण अंतराल को दूर करने में सहायक होगा।
- मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा साइबर अपराधों को प्रभावी ढंग से रोकने के लिए पुलिस उप-निरीक्षकों और वरिष्ठ जांच अधिकारियों के ज्ञान और क्षमताओं में सुधार के लिए चौथा साइबर अपराध जांच और खुफिया शिखर सम्मेलन 2022 आयोजित किया जा रहा है। योगेश देशमुख, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, राज्य साइबर पुलिस मुख्यालय ने शिखर सम्मेलन के पर्दा उठाने वाले समारोह के दौरान कहा कि 6000 से अधिक लोगों ने भाग लेने के लिए पंजीकरण कराया था।
- प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्रेटर नोएडा में इंडिया एक्सपो सेंटर और मार्ट में अंतर्राष्ट्रीय डेयरी महासंघ के विश्व डेयरी शिखर सम्मेलन 2022 का उद्घाटन किय। प्रधानमंत्री मोदी ने स्थानीय प्रदर्शनी का भी दौरा किया। रैली में प्रधानमंत्री ने कहा कि डेयरी क्षेत्र की क्षमता न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगी, बल्कि दुनिया भर के लाखों लोगों के लिए आजीविका का एक महत्वपूर्ण स्त्रोत भी होगी।
- सिक्किम पहली बार दिसंबर में रणजी ट्रॉफी मैचों की मेजबानी करेगा। रंगपो के पास माइनिंग क्रिकेट मैदान में राज्य तीन पूर्वोत्तर टीमों मिजोरम, मणिपुर और अरूणाचल प्रदेश का स्वागत करेगा। सिक्किम ने पहले अन्य राज्यों में गोद लिए गए घरेलू स्थानों पर प्रथम श्रेणी मैचों की मेजबानी की है। जबकि राज्य की टीम ने तटस्थ स्थानों पर रणजी मैच भी खेले हैं। सिक्किम रणजी ट्रॉफी मैचो के साथ-साथ कूचबिहार ट्रॉफी के दो मैच और माइनिंग में तीन कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी मैच भी खेलेगा। 12 नवंबर को असम के खिलाफ कूचबिहार ट्रॉफी मैच सिक्किम में पहला बड़ा घरेलू मैच होगा।
- नायरा एनर्जी ने प्रसाद के पनिकर को कंपनी का नया अध्यक्ष घोषित किया। प्रसाद के पनिकर रिफाइनरी के निदेशक ओर प्रमुख हैं, और वह चार्ल्स एंथोनी फाउंटेन की जगह लेंगे, जिन्होंने पांच साल तक सेवा की। नायरा एनर्जी के नए अध्यक्ष का कार्यकाल 3 अक्टूबर 2022 से शुरू होगा। पनिकर अपने उत्कृष्ट तकनीकी अनुभव और स्थानीय भारतीय बाजार के उत्कृष्ट ज्ञान को विकास परियोजनाओं पर एक मजबूत फोकस के साथ रणनीतिक प्राथमिकताओं के एक नए सेट के माध्यम से नायरा एनर्जी का नेतृत्व करने के लिए तैनात करेगा।
- सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड ने अपनी सीएसआर परियोजना के तहत लद्दाख के करगिल की वंचित छात्राओं को प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन देने के लिए भारतीय सेना के साथ गठजोड़ किया है। इस परियोजना के तहत करगिल क्षेत्र की 50 छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न इंजीनियरिंग एवं मेडिकल कॉलेज में प्रवेश के लिए तैयारी कराई जाएगी।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद में केंद्र राज्य विज्ञान सम्मेलन का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित किया, और केंद्र-राज्य विज्ञान सम्मेलन में सबका प्रयास के महत्व पर प्रकाश डाला। भारत चौथी औद्योगिक क्रांति की और अग्रसर है और भारत के विज्ञान ओर इस क्षेत्र से जुड़े लोगों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विज्ञान के बुनियादी समाधान, विकास और नवाचार पर जोर दिया।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. विश्व रोगी सुरक्षा दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 15 सितंबर (B) 16 सितंबर
(C) 17 सितंबर (D) 18 सितंबर

**(C)** विश्व रोगी सुरक्षा दिवस हर साल 17 सितंबर को मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य रोगियों की सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाना और सभी देशों ओर अंतर्राष्ट्रीय भागीदारों को रोगी के नुकसान को कम करने के लिए ठोस कार्रवाई के लिए बुलाना है। यह विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा चिन्हित 11 आधिकारिक वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियानों में से एक है।




**2. अंतर्राष्ट्रीय लाल पांडा दिवस (Internarional Red Panda Day) हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 16 सितंबर (B) 17 सितंबर
(C) 18 सितंबर (D) 19 सितंबर

**(B)** लाल पांडा संरक्षण के मुद्दों के लिए जन जागरूकता और समर्थन बढ़ाने के लिए हर साल सितंबर के तीसरे शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय लाल पांडा दिवस मनाया जाता है। रेड पांडा नेटवर्क द्वारा 2010 में इस दिवस की शुरूआत की गई थी। पहला अंतर्राष्ट्रीय लाल पांडा दिवस 18 सितंबर 2010 को मनाया गया था।



**3. आयुर्वेद दिवस 2022 कार्यक्रम का आयोजन कब से कब तक किया जाएगा ?**

(A) 12 से 23 सितंबर 2022 तक
(B) 12 से 23 अक्टूबर 2022 तक
(C) 14 से 25 अक्टूबर 2022 तक
(D) 16 से 20 अक्टूबर 2022 तक

**(B)** आयुर्वेद दिवस 2022 कार्यक्रम का आयोजन 12 सितंबर से 23 अक्टूबर (छह सप्ताह) तक किया जाएगा। आयुष मंत्रालय के तहत अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान ने इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम की थीम है-हर दिन हर घर आयुर्वेद। इस वर्ष आयुर्वेद दिवस के लिए AIIA को नोडल एजेंसी बनाया गया है।




**4. युवाओं की शिक्षा और आध्यात्मिक गुणों में वृद्धि करने के लिए दुनिया का पहला संस्कार केंद्र कहां खोला जाएगा ?**

(A) झुंझुनूं (राजस्थान) (B) पेरिस (फ्रांस)
(C) टोक्यो (जापान) (D) हार्लेम (नीदरलैंड)

**(A)** राजस्थान में झुंझूनुं जिला मुख्यालय के खेमी शक्ति मंदिर परिसर में दुनिया का पहला संस्कार केंद्र खोला जाएगा। इस केंद्र में युवाओं को शिक्षा के साथ संस्कार और आध्यात्मिकता का पाठ पढ़ाया जाएगा, इससे वे समाज और देश की तरक्की में भागीदार बन सकेंगे।




**5. हाल ही में भारतीय सेना, भारतीय वायु सेना ने किस राज्य में संयुक्त अभ्यास गगन स्ट्राइक किया ?**

(A) पंजाब (B) तमिलनाडु
(C) हरियाणा (D) ओडिशा

**(A)** भारतीय सेना की खड़गा कोर और वायु सेना ने पंजाब में संयुक्त अभ्यास गगन स्ट्राइक किया। अभ्यास में शामिल थल सैनिकों के समर्थन के लिए हमलावर हेलीकॉप्टरों को तैनात किया गया था। अभ्यास में जमीनी बलों के यांत्रिक कॉलम के साथ समन्वय करते हुए हेलीकॉप्टरों के सटीक हमलों का प्रदर्शन भी किया गया।



**6. द फ्रेजर इंस्टीट्यूट द्वारा जारी विश्व आर्थिक स्वतंत्रता सूचकांक 2022 में कौनसा देश शीर्ष स्थान पर रहा है ?**

(A) सिंगापुर (B) जापान
(C) हांगकांग (D) डेनमार्क

**(C)** द फ्रेजर इंस्टीट्यूट के अनुसार हांगकांग विश्व की सबसे मुक्त अर्थव्यवस्था है। विश्व के आर्थिक स्वतंत्रता सूचकांक में हांगकांग को 10 में से 8.59 अंक हासिल हुए है। भारत इस सूचकांक में 6.72 अंकों के साथ 89वें स्थान पर रहा है। इस सूचकांक के अनुसार वर्ष 2019 की तुलना में भारत की रैंकिंग में सुधार हुआ है और भारत की स्थिति अपने पड़ोसी देशों से बेहतर है।



**7. हाल ही मे किस राज्य के मुख्यमंत्री ने निवासी सुरक्षा और सुरक्षा अधिनियम पोर्टल लॉन्च किया ?**

(A) मेघालय (B) तेलंगाना
(C) छत्तीसगढ़ (D) बिहार

**(A)** मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड के.संगमा द्वारा राज्य की निवासी सुरक्षा और सुरक्षा अधिनियम का ऑनलाइन पोर्टल लॉन्च किया गया। उन्होंने कहा कि यह डिजीटल प्रणाली न केवल निवासियों की सुरक्षा और सुरक्षा सुनिश्चित करेगी, बल्कि यह ऑनलाइन डेटाबेस से एकत्रित खुफिया जानकारी के आधार पर अधिकारियों की निगरानी और कार्य करने के लिए एक मजबूत खुफिया जानकारी प्रणाली के रूप में भी कार्य करेगी।



**8. अरूणाचल प्रदेश के किबिथू मिलिट्री स्टेशन का नाम बदलकर क्या रखा गया है ?**

(A) कर्तव्यपथ मिलिट्री गैरिसन (B) अरूण जेटली मिलिट्री गैरिसन
(C) अटल मिलिट्री गैरिसन (D) जनरल बिपिन रावत मिलिट्री गैरिसन

**(D)** अरूणाचल प्रदेश के किबिथू मिलिट्री स्टेशन का नाम बदलकर जनरल बिपिन रावत अरूण जेटली मिलिट्री गैरिसन रखा गया है। यह मिलिट्री स्टेशन अरूणाचल प्रदेश के अनजाव जिले में चीन की सीमा से लगभग 15 किमी दूर एक छोटे से किबिथू शहर में स्थित है। इसके अलावा अरूणाचल प्रदेश के वालोंग से किबिथू तक जाने वाली 22 किलोमीटर लंबी सड़क भी जनरल बिपिन रावत के नाम से जानी जाएगी।



**9. पहला नागा मिर्च महोत्सव 2022 कहां आयोजित हुआ है ?**

(A) आंध्रप्रदेश (B) नागालैंड
(C) उत्तरप्रदेश (D) केरल

**(B)** नागालैंड में कोहिमा जिले के सेड़हामा गांव में पहली बार नागा मिर्च महोत्सव आयोजित किया गया है। नागा मिर्च या राजा मिर्चा नागालैंड की एक स्वदेशी फसल है, और इसे बड़े पैमाने पर पेरेन, सोम, कोहिमा और दीमापुर में उगाया जाता है। इस मिर्च ने 2008 में भौगोलिक संकेत प्रमाणन (GI टैग) प्राप्त किया था।



**10. क्रिकेट एशिया कप 2022 का खिताब किस देश ने जीता है ?**

(A) भारत (B) बांग्लादेश
(C) पाकिस्तान (D) श्रीलंका

**(D)** श्रीलंका पुरूष क्रिकेट टीम ने एशिया कप 2022 के फाइनल में पाकिस्तान को 23 रन से हारकर छठी बार एशिया कप का खिताब जीता है। इस मैच में श्रीलंका के खिलाड़ी भानुका राजपक्षे को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया है। जबकि श्रीलंका के स्पिन गेंदबाज वानिंदु हसरंगा को प्लेयर ऑफ द सरीरीज चुना गया है।



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य कलासेज